This Question Paper consists of NEW SYLLABUS 45 questions and OLD SYLLABUS 46 questions and 32 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में नया पाठ्यक्रम 45 प्रश्न तथा पुराना पाठ्यक्रम 46 प्रश्न तथा कुल 32 मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

**Code No.** **68/ESS/1**
**कोड नं.**

**SET/सेट A**

# PSYCHOLOGY
# मनोविज्ञान
# (328)

**Day and Date of Examination :**
**( परीक्षा का दिन व दिनांक )** ______________________

**Signature of Invigilators :**
**( निरीक्षकों के हस्ताक्षर )** **1.** ______________________

**2.** ______________________

**General Instructions :**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. **68/ESS/1-A** on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.
6. In case of any doubt or confusion in the question paper, the **English** Version will prevail.

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **68/ESS/1-A** लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।
6. प्रश्नपत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही मान्य होगा।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Paper Booklet contains two Question Papers - one based on revised study material marked as **NEW SYLLABUS** and the other based on pre-revised study material marked as **OLD SYLLABUS**.

2. **NEW SYLLABUS** is for those candidates who have registered for 2023-2024 (Stream-I, Block-I) admission and are appearing in October-2024 Examinations.

3. **OLD SYLLABUS** is for those candidates who has registered before 2023-24 (Stream-I, Block-I) admission.

4. Candidates are to answer only one Question Paper from the given two Question Papers.

5. Candidates are not allowed to mix questions from the given two Question Papers.

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका में दो प्रश्न-पत्र हैं – एक संशोधित अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर '**नया पाठ्यक्रम**' अंकित है तथा दूसरा संशोधन से पूर्व अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर '**पुराना पाठ्यक्रम**' अंकित है।

2. **नया पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन 2023-2024 (स्ट्रीम-I, ब्लॉक-I) में हुआ है तथा जो अक्टोबर 2024 परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।

3. **पुराना पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन 2023-24 (स्ट्रीम-I, ब्लॉक-I)के पहले हुआ है।

4. परीक्षार्थी दिए गए दो प्रश्न-पत्रों में से केवल एक प्रश्न-पत्र से ही उत्तर लिखें।

5. परीक्षार्थी को दो प्रश्न-पत्रों के प्रश्नों को मिलाकर उत्तर देने की अनुमति नहीं है।


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**NEW SYLLABUS/नया पाठ्यक्रम**

# PSYCHOLOGY

# मनोविज्ञान

# (328)

**Time : 3 Hours ]** **[ Maximum Marks : 100**

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**Note :**

(i) This question paper consists of **45** questions in all.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) **Section - A** consists of

(a) **Q.No. 1 to 20 -** Multiple Choice type questions (MCQs) carrying **1** mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions.

(b) **Q.No. 21 to 29 -** Objective type questions. **Q.No. 21 to 23** carrying **2** marks each (with **2** sub-parts of **1** mark each) and **Q.No. 24-29** carries **4** marks (with **4** sub-parts of **1** mark each).

(v) **Section - B** consists of

(a) **Q.No. 30 to 35 -** Very Short Answer type questions carrying **2** marks each to be answered in the range of **30 to 50** words.

(b) **Q.No. 36 to 41 -** Short Answer type questions carrying **3** marks each to be answered in the range of **50 to 80** words.

(c) **Q.No. 42 to 45 -** Long Answer type questions carrying **5** marks each to be answered in the range of **80 to 120** words.

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **45** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उस प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) **खण्ड - क** में सम्मिलित हैं :

(a) प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक के होंगे। इनमें से प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें और लिखें।

(b) प्रश्न संख्या **21** से **29** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या **21** से **23** तक प्रत्येक के लिए **2** अंक हैं। (प्रत्येक **1** अंक के **2** उपभागों सहित) और प्रश्न संख्या **24-29** तक **4** अंक के हैं। (प्रत्येक **1** अंक के **4** उपभागों सहित।)

(v) **खण्ड - ख** में सम्मिलित हैं :

(a) प्रश्न संख्या **30** से **35** तक, **2** अंक वाले अतिलघु उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30 से 50** शब्दों में दिया जाना है।

(b) प्रश्न संख्या **36** से **41** तक **3** अंकों वाले लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर **50 से 80** शब्दों की सीमा में देने हैं।

(c) प्रश्न संख्या **42** से **45** तक **5** अंकों वाले दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर **80 से 120** शब्दों की सीमा में देने हैं।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**Note / निर्देश :**

(1) Answers of **all** questions are to be given in the Answer-Book given to you.
**सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been alloted to read this question paper. The question paper will be distributed at 02:15 p.m. From 02:15 p.m. to 02:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 02:15 बजे से 02:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

---

**SECTION - A/खण्ड - क**

**1.** Which of the following is NOT a subfield of Psychology ? **1**

(A) Clinical Psychology (B) Astrophysics
(C) Developmental Psychology (D) Cognitive Psychology

निम्नलिखित में से कौन सा मनोविज्ञान का उपक्षेत्र नहीं है ?

(A) नैदानिक मनोविज्ञान (B) खगोल भौतिकी
(C) विकासात्मक मनोविज्ञान (D) संज्ञानात्मक मनोविज्ञान

**2.** Tanima tries to explain the factors leading to stress and predicts the effects of the stress. What is the key difference between the prediction and explanation in research ? **1**

(A) Prediction focuses on the future, while explanation focuses on the past.
(B) Prediction establishes causation, while explanation describes relationships.
(C) Prediction anticipates outcomes, while explanation clarifies why outcomes occur.
(D) Prediction is qualitative, while explanation is quantitative.

तनीमा तनाव की ओर ले जाने वाले कारकों का विवरण देते हुए उनका तनाव पर पूर्वकथन करती है। अनुसंधान में व्याख्या व पूर्वानुमान में क्या मुख्य अंतर है ?

(A) पूर्वकथन भविष्य पर केन्द्रित है जबकि व्याख्या भूतकाल पर केन्द्रित है।
(B) पूर्वकथन करणीय संबंध स्थापित करता है जबकि व्याख्या आपसी संबंधों को विस्तार से समझाता है।
(C) पूर्वकथन परिणाम की आशा करता है जबकि व्याख्या परिणाम क्यों आया है, का स्पष्टीकरण देता है।
(D) पूर्वकथन गुणात्मक है जबकि व्याख्या मात्रात्मक है।

**3.** A psychologist conducted a survey to examine the frequency of different types of phobias in a community. What type of graph would be most useful to represent the percentage distribution of various phobia types ? **1**

(A) Bar chart (B) Scatter plot (C) Line graph (D) Pie chart

एक मनोवैज्ञानिक ने समाज में विभिन्न प्रकार के दुर्भीति की आवृत्ति के परीक्षण के लिए सर्वे संचालित किया। विभिन्न प्रकार के दुर्भीति का प्रतिशत वितरण प्रदर्शित करने के लिए किस प्रकार का ग्राफ सबसे उपयोगी रहेगा ?

(A) बार आरेख (B) स्कैटर प्लॉट (C) रेखीय आरेख (D) पाई चार्ट



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

4. Which mnemonic technique involves creating a scenario, or objects arranged in a physical space in the form of visual images to remember a list of items ? **1**

(A) Method of Loci (B) Acronym

(C) Keyword technique (D) Pegword method

वह कौन सी निमोनिक तकनीक है जिसमें किसी परिदृश्य का सृजन कर अथवा वस्तुओं को भौतिक स्थान पर इस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है कि उनकी दृश्य छवि से ही वस्तुओं की सूची को याद किया जा सकता है।

(A) स्थान विधि (B) परिवर्णी

(C) मुख्य शब्द विधि (D) पेगवर्ड विधि

5. This theory of emotion maintains that emotions are comprised of two factors : Physiological and cognitive. **1**

(A) The James - Lange Theory (B) The Cannon - Bard Theory

(C) The Physiological Theory (D) The Schachter - Singer Theory

संवेग का यह सिद्धांत मानता है कि संवेग दो कारकों से बना होता है : शारीरिक और संज्ञानात्मक।

(A) जेम्स – लांजे सिद्धान्त (B) कैनन – बार्ड सिद्धान्त

(C) शारीरिक सिद्धान्त (D) शॉक्टर – सिंगर सिद्धान्त

6. In the context of problem-solving, what does the term "functional fixedness" refer to ? **1**

(A) The tendency to rely on past experiences

(B) The inability to see an object's potential uses beyond its typical function

(C) The tendency to use trial and error

(D) The preference for creative solutions

समस्या समाधान के संदर्भ में 'कार्यात्मक स्थिरता' से तात्पर्य है ?

(A) पूर्व अनुभवों पर विश्वास की प्रवृत्ति

(B) किसी वस्तु के संभावित उपयोग को उसके विशिष्ट कार्य से आगे देख पाने की असमर्थता

(C) परीक्षण एवं त्रुटि का उपयोग करने की प्रवृत्ति

(D) सृजनात्मक सुझावों को प्राथमिकता

7. This refers to declarative memory which requires conscious efforts in recalling the previous experiences and information. **1**

(A) Implicit memory (B) Explicit memory

(C) Procedural memory (D) Long term memory

इसे घोषणात्मक स्मृति के रूप में संदर्भित किया जाता है जिसके लिए पिछले अनुभवों और सूचनाओं को याद करने के लिए सचेत प्रयासों की आवश्यकता होती है।

(A) निहित स्मृति (B) स्पष्ट स्मृति

(C) प्रक्रिया मूलक स्मृति (D) दीर्घकालीन स्मृति



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

8. Children incorporate new information into their existing schemes. This is called __________ of information. **1**

(A) Assimilation (B) Accommodation

(C) Organization (D) Equilibration

जब बच्चे अपनी मौजूदा योजनाओं में नई जानकारी शामिल करते हैं तो उसे जानकारी का __________ कहा जाता है।

(A) आत्मसातीकरण (B) समायोजन

(C) संगठन (D) संतुलन

9. Around four months of age infants copy or reproduce someone's act or language. This is called __________. **1**

(A) Organization (B) Imitation (C) Equilibration (D) Accommodation

लगभग 4 महीने की उम्र के शिशु किसी के कार्य या भाषा का पुनरुत्पादन करते हैं तो इसे __________ कहा जाता है।

(A) संगठन (B) अनुकरण (C) संतुलन (D) समायोजन

10. Neeraj can categorize fruits and vegetables of different types in multiple ways such as those based on their colour, taste, size and so forth. This cognitive attainment of the concrete operational thought is known as __________. **1**

(A) Conservation (B) Classification (C) Seriation (D) Centration

नीरज विभिन्न प्रकार के फलों और सब्जियों को उनके रंग, स्वाद, आकार आदि के आधार पर कई तरीकों से वर्गीकृत कर सकता है। मूर्त संक्रियात्मक विचारों की ऐसी संज्ञानात्मक उपलब्धि __________ कहलाती है।

(A) संरक्षण (B) वर्गीकरण (C) क्रमांकन (D) केन्द्रीकरण

11. Angad thinks more like a scientist. He thinks of all possible solutions of a problem and systematically tests those solutions. This refers to as __________. **1**

(A) Idealistic thinking (B) Adolescent egocentrism

(C) Propositional thought (D) Hypothetical deductive reasoning

अंगद ज्यादातर एक वैज्ञानिक की तरह सोचता है। वह किसी समस्या के सभी संभावित समाधानों के विषय में सोचता है और फिर व्यवस्थित रूप से उन समाधानों का परीक्षण करता है। यह __________ के रूप में संदर्भित होता है।

(A) आदर्शवादी सोच (B) किशोर अहंकेंद्रितता

(C) प्रस्ताव विचार (D) परिकाल्पनिक निगमनात्मक तर्क

12. What does the term "groupthink" refer to in the context of social psychology ? **1**

(A) The tendency for group members to conform to a decision without critical evaluation

(B) The process of brainstorming within a group to generate innovative ideas

(C) The tendency for group members to challenge each other's opinions

(D) The process of reaching consensus through healthy debate

समाज मनोविज्ञान के संदर्भ में 'समूह चिंतन' शब्द से क्या तात्पर्य है ?

(A) समूह के सदस्यों में आलोचनात्मक मूल्यांकन के बिना ही सदस्यों की निर्णयों पर सहमति

(B) समूह में बुद्धिशीलता की प्रक्रिया द्वारा नवीन विचार पैदा करना

(C) समूह के सदस्यों द्वारा एक दूसरे के विचारों को चुनौती देने की प्रवृत्ति

(D) स्वस्थ वाद-विवाद द्वारा सहमति तक पहुँचने की प्रक्रिया



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

13. In a study, a group of individuals with moderate political views discussed a controversial topic. After the discussion, it was observed that the group's opinions became more extreme. Which phenomenon does this demonstrate ? 1

(A) Social loafing (B) Group polarization
(C) Group think (D) Social facilitation

एक 'उदारवादी राजनैतिक विचारधारा वाला एक समूह एक विवादास्पद विषय पर बहस करता है। बहस के बाद यह पाया गया कि समूह की विचारधारा अधिक चरमपंथी हो गई। यह किस घटना को प्रदर्शित करता है?

(A) सामाजिक स्वैराचार (B) समूह ध्रुवीकरण
(C) समूह चिंतन (D) सामाजिक सौकर्य

14. What is the initial stage in group development according to Tuckman's model ? 1

(A) Storming (B) Forming (C) Norming (D) Performing

'टकमैन मॉडल' के अनुसार समूह विकास का प्रारंभिक चरण कौन सा है?

(A) विप्लवन (B) निर्माण (C) मानक निर्माण (D) निष्पादन

15. Rakhi has organised a weekly cleanliness drive in her locality. Identify this component of the attitude system. 1

(A) Cognitive (B) Affective (C) Behavioural (D) Extremeness

राखी अपने मोहल्ले में साप्ताहिक स्वच्छता अभियान आयोजित कर चुकी है। अभिवृत्ति तंत्र के इस घटक को पहचानिये।

(A) संज्ञानात्मक (B) भावनात्मक (C) व्यावहारिक (D) नितांतता/आलंतिकता

16. Bani observes that her mother feels happy when she finishes food. She is forming an attitude through __________. 1

(A) Classical Conditioning (B) Operant Conditioning
(C) Modelling (D) Social Comparison

बानी यह देखती है कि उसकी माँ तब प्रसन्न होती है जब वह अपना भोजन समाप्त कर देती है। वह __________ के माध्यम से अभिवृत्ति निर्माण कर रही है।

(A) प्राचीन अनुबंधन (B) क्रिया प्रसूत अनुबंधन
(C) मॉडलिंग (D) सामाजिक तुलना

17. A period of loss of interest or pleasure in most activities, together with other symptoms which may include a change in body weight, constant sleep problems, tiredness, inability to think clearly etc. may indicate presence of __________. 1

(A) Bipolar disorder (B) Major depressive disorder
(C) Mood disorder (D) Anxiety disorder

ऐसी अवधि जिसमें अधिकांश गतिविधियों में रूचि या आनंद की हानि के साथ-साथ अन्य लक्षणों जैसे शरीर के वज़न में बदलाव, लगातार नींद की समस्या, थकान, स्पष्ट रूप से सोचने में असमर्थता आदि __________ के होने का संकेत करते हैं।

(A) द्विध्रुवी विकार (B) प्रमुख अवसाद विकार
(C) मनोदशा विकार (D) चिंता विकार



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

18. Disturbance in neurotransmitters in the brain is found to play an important role in the development of certain mental disorders. This refers to __________ as the cause of some psychological disorders. **1**

(A) Heredity (B) Biochemical factors

(C) Brain Damage (D) Psychological factors

मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर में गड़बड़ी कुछ मानसिक विकारों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका संदर्भ __________ से होता है जिसे कुछ मानसिक विकारों का कारण माना जाता है।

(A) अनुवांशिकता (B) जैव रासायनिक कारक

(C) मस्तिष्क क्षति (D) मनोवैज्ञानिक कारक

19. Radhika was facing stress due to strained interpersonal relationships at home. This can be attributed to __________. **1**

(A) Biological factors (B) Physiological changes

(C) Psychological factors (D) Political factors

राधिका घर पर तनावपूर्ण पारस्परिक संबंधों के कारण तनाव महसूस कर रही थी। इसका कारण __________ हो सकता है।

(A) जैविक कारक (B) शारीरिक परिवर्तन

(C) मनौवैज्ञानिक कारक (D) राजनैतिक कारक

20. Neerja experiences recurrent attacks of anxiety in which she experiences intense terror. She is likely to be suffering from __________. **1**

(A) Mania (B) Panic attack (C) Phobia (D) Depression

नीरजा को बार-बार चिन्ता के हमलों का अनुभव होता है जिसमें उसे अत्याधिक भय लगता है। यह काफी संभावना है कि वह __________ से परेशान है।

(A) उन्माद (B) चिन्त विकार (C) दुर्भीति (D) अवसाद

21. State whether the following statements are **true** or **false**. **2**

(a) Applied psychology is primarily focused on conducting research and advancing theoretical knowledge.

(b) Environmental psychology studies the relationship between people and their physical environment, exploring how factors like design, nature, and space impact behaviour and well-being.

बताएँ कि नीचे दिए गए कथन **सत्य** है या **असत्य**।

(a) एप्लाइड मनोविज्ञान अनुसंधान करने व सैद्धान्तिक ज्ञान को आगे बढाने पर प्राथमिक बल होता है।

(b) पर्यावरण मनोविज्ञान लोगों और उनके भौतिक पर्यावरण के बीच संबंध का अध्ययन है। वह डिजाईन, प्रकृति और स्थान जैसे कारकों का व्यवहार व कल्याण पर प्रभाव का अन्वेषण करते हैं।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**22.** Recognise the 'concept' characterised in the following statements : **2**

(a) Adolescents might think what ideal standards are and they might compare themselves and others against those standards.

(b) Formal operational thinkers can solve problems merely through verbal presentation of the problems.

निम्नलिखित वाक्यों में परिलक्षित 'संप्रत्ययों' की पहचान कीजिए।

(a) किशोर सोच सकते है कि आदर्श मानक क्या है और वे उन मानको से खुद की और दूसरों की तुलना कर सकते हैं।

(b) औपचारिक संक्रियात्मक विचारक समस्याओं की मौखिक प्रस्तुति के माध्यम से समस्याओं को हल कर सकते हैं।

**23.** Preeti experiences repeated and unreasonable thoughts about dirt on her hands. Thus, she washes her hands every time she touches something. Which of the following **(any two)** is True of the condition that she is facing ? **2**

(a) She is affected by obsessive-compulsive disorder

(b) She can control her preoccupation with specific ideas or can also prevent herself from repeatedly carrying out a particular act.

(c) This affects her ability to carry out normal activities.

(d) She often finds these thoughts to be unpleasant an shameful.

(e) Her symptoms include recurrent dreams, flashbacks, impaired concentration, and emotional numbing.

(f) Compulsive behaviour is the need to perform certain behaviour over and over again.

प्रीति बार-बार अपने हाथों पर धूल मिट्टी होने जैसे विचारों का अनुभव करती है। इसलिए वह किसी भी वस्तु को छूने के बाद हाथ धोती है। निम्न में वह कौन सी **( कोई दो )** परिस्थितियों का सामना कर रही है ?

(a) वह मनोगृस्तता-बाध्यता विकार से प्रभावित है।

(b) वह एक विशिष्ट विचार से अपनी व्यस्तताओं को नियंत्रित कर सकती है अथवा किसी एक काम को बार-बार करने से अपने आप को रोक सकती है।

(c) इसका प्रभाव उसके सामान्य क्रिया कलापों के निर्वहन पर भी पड़ता है।

(d) अधिकतर समय उसे अपने यह विचार दु:खी करने वाले व शर्मनाक लगते हैं।

(e) उसके लक्षणों में बार-बार आनेवाले सपने, पुरानी बातें, एकाग्रता का अभाव और भावनात्मक सुन्नपना सम्मिलित है।

(f) किसी व्यवहार को बार-बार करने की आवश्यकता बाध्यकारी व्यवहार कहलाती है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

24. Identify whether following statements are true/false in relation to memory process. **1x4=4**

(a) Procedural memory is a type of non-declarative memory that involves the recall of skills and habits, rather than facts and information.

(b) Memory is a single, unified process.

(c) Chunking is a strategy where information is grouped into meaningful units, making it easier to remember and recall.

(d) Elaborative rehearsal, which involves making meaningful connections to information, is generally more effective for long-term memory than simple repetition (maintenance rehearsal).

स्मृति प्रक्रिया के बारे में निम्न कथनों की सत्य/असत्य होने की पहचान कीजिए।

(a) प्रक्रिया मूलक स्मृति, गैर घोषणात्मक स्मृति का ऐसा प्रकार है जिसमें सूचना एवं तथ्यों की अपेक्षा दक्षता और आदतों को याद करना सम्मिलित है।

(b) स्मृति एकल एकीकृत प्रक्रिया है।

(c) खंडीयन विधि एक ऐसी रणनीति है जिसके अर्न्तगत जानकारियों को अर्थपूर्ण इकाईयों में ऐसे बांटा जाता है कि उन्हें याद कर पुन: याद करना आसान हो जाए।

(d) सुविस्तृत पूर्वाभ्यास जिसमें सूचनाओं में अर्थपूर्ण संबंध स्थापित किया जाता है। दोहराव (रखरखाव पूर्वाभ्यास) की तुलना में साधारणत: दीर्घकालीन स्मृति के लिए अधिक प्रभावशाली होता है।

25. Rakesh and Manoj's ego devises strategies to divert energy to safe activities to protect itself from the demands of the id. Thus using the defense mechanism to reduce anxiety. State the defence mechanism used by them in each statement. **1x4=4**

(a) Manoj is diverting attention from the anxiety-causing urges to acceptable activities.

(b) Rakesh is forcefully suppressing the anxiety causing memories or events.

(c) Rakesh is refusing to accept the existence of anxiety-producing events.

(d) Manoj has unacceptable impulses, which are denied entry into consciousness and are projected (displaced) onto others.

राकेश और मनोज का अहम् इदं की मांगों से बचाने के लिए ऊर्जा को सुरक्षित गतिविधियों में बदलने की रणनीति तैयार करते हैं। इस तरह वह अपनी चिन्ता कम करने के लिए रक्षातंत्र का प्रयोग कर रहे हैं। प्रत्येक कथन में उनके द्वारा प्रयुक्त रक्षातंत्र का नाम बताइये।

(a) मनोज चिंता पैदा करने वाली इच्छाओं से ध्यान हटाकर उसे स्वीकार्य गतिविधियों की ओर मोड़ लेता है।

(b) राकेश चिंता उत्पन्न करने वाली स्मृतियों या घटनाओं को बलपूर्वक दबा देता है।

(c) राकेश चिंता उत्पन्न करने वाली घटनाओं के होने को ही अस्वीकार रहा है।

(d) मनोज में अस्वीकार्य आवेग है उसने उन्हें चेतना में प्रवेश से वंचित कर दिया है और उन्हें दूसरी ओर प्रक्षेपित कर दिया है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**26.** Match the following : **1x4=4**

| | |
|---|---|
| (a) Schemas | (i) The application of techniques that worked in similar situations in the past |
| (b) Heuristics | (ii) Cognitive frameworks that represent our knowledge and assumptions about the world |
| (c) Trial and Error | (iii) The simplest problem solving approach. |
| (d) Analogy | (iv) General rule of thumb, which are based on prior experiences and are mental shortcuts, which may or may not lead to the desired solution |

निम्न का मिलान कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) योजनाएं | (i) ऐसी तकनीकों का प्रयोग जो अतीत में समान स्थिति में काम आई हो। |
| (b) ह्यूरिस्टिक्स या अनुमान | (ii) संज्ञानात्मक रूपरेखाएँ जो संसार के बारे में हमारे ज्ञान और धारणाओं का प्रतिनिधित्व करती है। |
| (c) प्रयत्न एवं भूल | (iii) समस्या समाधान की सबसे सरल विधि |
| (d) एनालॉजी या समानता | (iv) सामान्य नियम जो पूर्व अनुभवों पर आधारित होते हैं और मानसिक शॉर्टकट् है जो वांछित समाधान तक ले जा भी सकते हैं या नहीं भी। |

**27.** Identify whether the following statements are true or false in relation to emotional intelligence. **1x4=4**

(a) Salovey and Mayer defined emotional intelligence as "the global capacity to think rationally, understand the world, and use available resources effectively when faced with challenges".

(b) When people lack emotional intelligence, they experience problems in the family, workplace, and interpersonal relationships.

(c) This concept was first introduced by Salovey and Mayer and popularised by Daniel Goleman.

(d) Salovey and Mayer's definition covers four aspects of emotional intelligence; they are emotional perception, emotional integration, emotional understanding and emotional management.

सांवेगिक बुद्धि के संदर्भ में निम्नलिखित कथन सत्य या असत्य है, की पहचान कीजिए।

(a) सलोवी और मेयर ने संवेगात्मक बुद्धि को इस प्रकार परिभाषित किया ''तर्कसंगत रूप से सोचने और विश्व को समझने व चुनौतियों का सामना होने पर उपलब्ध स्त्रोतों के कुशलतम् उपयोग पर बल देने की वैश्विक क्षमता''।

(b) जब लोगों में संवेगात्मक बुद्धि की कमी होती है तो वह अपने परिवार, कार्यस्थल और पारस्परिक व्यक्तिगत संबंधों में भी मुश्किलों का अनुभव करते हैं।

(c) यह अवधारणा सर्वप्रथम सलोवी और मेयर ने प्रतिपादित की थी जिसे डेनियल गोलेमन ने लोकप्रिय किया।

(d) सलोवी व मेयर द्वारा दी गई परिभाषा में संवेगात्मक बुद्धि के चार पक्ष हैं, जो है : भावनात्मक धारणा, भावनात्मक एकीकरण, भावनात्मक समझ और भावनात्मक प्रबन्धन।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

28. Identify **four** statements showing the characteristics of an Effective Leader. **1x4=4**

(a) Effective leaders work hard towards the achievement of goals but are not driven by the desire to excel.

(b) Have good communication skills and are self-confident and assertive.

(c) Effective leaders are open to new ideas, experiences and can be flexible.

(d) Such leaders have high personal integrity and maturity.

(e) They have good interpersonal skills.

(f) They are not considerate and do not have the ability to listen.

निम्नलिखित में से **चार** कथनों की पहचान कीजिए जो प्रभावी नेता के लक्षण प्रदर्शित करते हों :

(a) प्रभावी नेता लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करते है परंतु उत्कृष्टता प्राप्त करने की इच्छा से प्रभावित नहीं होते।

(b) वह अच्छा संचार कौशल रखते हैं तथा आत्म विश्वासी व दृढ़ निश्चयी होते हैं।

(c) प्रभावी नेता नए विचारों, अनुभवों के प्रति खुले होते हैं और लचीले भी हो सकते हैं।

(d) ऐसे नेताओं में उच्च व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा और परिपक्वता होती है।

(e) उनके पास अच्छे पारस्परिक कौशल होते हैं।

(f) वे न तो विचारशील होते हैं और न ही उनमें सुनने की क्षमता होती है।

29. Fill in the blanks by choosing the correct option. **1x4=4**

(a) People suffering from ________ become euphoric or experience 'high', can be extremely active, excessively talkative, and are easily distractible. (Mania/Phobia)

(b) ________ are characterized by disturbances in prolonged emotional state. (Phobias/ Mood disorders)

(c) The most common mood disorder is ________. (anxiety/depression)

(d) Gender plays a great role in this differential risk addition with respect to depression. ________ are more likely to report a depressive disorder. (Men/Women)

सही विकल्प का चुनाव कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(a) ________ से पीड़ित लोग अत्याधिक उत्साही हो जाते हैं या 'श्रेष्ठ' अनुभव करते हैं और अत्याधिक सक्रिय, अत्याधिक बातुनि और आसानी से विचलित हो जाते है। (उन्माद/दुर्भीति)

(b) ________ लम्बे समय तक संवेगात्मक स्थिति में गड़बड़ी के रूप में परिलक्षित होती है।

(दुर्भीति/मनोदशा विकार)

(c) यह सब से सामान्य मनोदशा विकार है ________। (चिंता/अवसाद)

(d) लिंग विभेदक जोखिम अवषाद वृद्धि में बड़ी भूमिका निभाता है ________ में अवसाद ग्रस्त होने की संभावना अधिक होती है। (पुरुषों/महिलाओं)



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## SECTION - B/खण्ड - ख

**30.** What is applied research ? **2**

**OR**

Describe any two goals of research in Psychology.

'प्रयुक्त अनुसंधान' क्या है ?

**अथवा**

मनोविज्ञान में शोध के किन्हीं दो लक्ष्यों का वर्णन कीजिए।

**31.** What is an illusion ? **2**

'भ्रम' क्या है ?

**32.** (a) What is Adolescent egocentrism ? **2**

**OR**

(b) What is idealistic thinking ?

(a) 'किशोर अहंकेंद्रितता' क्या है ?

**अथवा**

(b) 'आदर्शवादी सोच' क्या है ?

**33.** Ramit had mastered the ability to pick up the tiniest objects between his thumb and forefingers by early childhood. Explain the fine motor abilities that he is likely to achieve by age 4 and 5. **2**

रमित ने अपने बाल्यकाल में ही छोटी से छोटी वस्तु का अपनी अंगुलियों व अंगूठे की सहायता से उठाने में निपुणता प्राप्त कर ली थी। समझाईये कि 4 या 5 वर्ष की आयु तक वह और कौन-कौन सी सूक्ष्म मोटर क्षमताएँ विकसित कर लेगा ?

**34.** Raman has a high IQ. Is he likely to be high in creative tasks ? Give reason for your answer. **2**

रमण की बुद्धिलब्धि उच्च है। क्या यह संभव है कि वह रचनात्मक कार्य में भी उच्च हो ? अपने उत्तर के पक्ष में कारण दीजिए।

**35.** (a) Giridharan was feeling better after attending the therapeutic session. Explain the next step initiated by his therapist. **2**

**OR**

(b) Suggest any two strategic to maintain health and well-being.

(a) गिरीधरन एक चिकित्सीय सत्र में भाग लेने के बाद अच्छा महसूस कर रहा था। उसके चिकित्सक द्वारा उठाये जाने वाले अगले कदम को समझाइये।

**अथवा**

(b) स्वास्थ्य एवं कल्याण को बनाने हेतु किन्हीं दो रणनीतियों का वर्णन कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**36.** A psychology professor is analyzing the test scores of a class of students. He collected the scores and wants to provide a summary of the scores. Discuss the advantages and limitations of using the mean and mode as measures of central tendency in summarizing the test scores. **3**

एक मनोविज्ञान का प्रोफेसर अपनी कक्षा के छात्रों के परीक्षा में प्राप्त अंकों का विश्लेषण कर रहा है। उन्होनें सभी अंकों को एकत्रित कर लिया है। अब वह उन अंकों का सार प्रदान करना चाहते हैं। परीक्षा में प्राप्त अंकों को सार रूप में प्रस्तुत करने के लिए केन्द्रीय प्रवृत्ति के मापों, माध्य एवं बहुलक के लाभ व हानियों की चर्चा कीजिए।

**37.** (a) When Nazim held a finger in front of his nose and slowly brought it closer, his eyes turned inward as his finger was nearer. Explain this phenomenon. **3**

**OR**

(b) Meghanshi is an Air traffic controller. She has to constantly watch and monitor signals on screens. Explain this type of attention.

(a) जब नाजिम ने अपनी अंगुली नाक के सामने करते हुए नाक के समीप की तो उसकी आंखे उसकी अंगुली की समीपता के संग उसकी आँखे अंदर की ओर घुमती गई। इस घटना की व्याख्या करें।

**अथवा**

(b) मेघांशी एक वायु यातायात नियंत्रक है। उसे लगातार स्क्रीन पर संकेतों को देखना व मॉनीटर करना पड़ता है। अवधान के इस प्रकार की व्याख्या कीजिए।

**38.** (a) State the features of any one type of Reasoning. **3**

**OR**

(b) J.P. Guilford was a pioneer in the field of creative thinking. Explain any one type of creative thinking that he proposed.

(a) 'तर्क' के किसी एक प्रकार की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

(b) जे.पी. गिलफोर्ड रचनात्मक चिंतन के क्षेत्र के अग्र-दूत थे। उनके द्वारा प्रतिपादित किसी एक प्रकार के रचनात्मक चिंतन की व्याख्या कीजिए।

**39.** (a) Why does social loafing occur ? **3**

**OR**

(b) Explain the phenomenon of Groupthink.

(a) 'सामाजिक स्वैराचार' क्यों होता हैं ?

**अथवा**

(b) 'समूह चिंतन' की घटना को समझाइये।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

40. (a) Sachin is an entrepreneur. His qualities, such as good mood, openness to experiences, as well as knowledge and intellect related to the area of concern will influence the likelihood and extent of change in his attitude. Do you agree with this statement ? Give reasons for your answer. 3

**OR**

(b) By taking any example of stereotype or prejudice, suggest any three strategies to reduce it.

(a) सचिन एक उद्यमी है। उसके गुण जैसे अच्छा मूड, अनुभवों के प्रति खुलापन, अपने क्षेत्र का ज्ञान एवं बुद्धि अभिवृत्ति परिवर्तन की संभावनाओं में वृद्धि करती हैं।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के पक्ष में कारण दीजिए।

**अथवा**

(b) रुढ़ियों या पूर्वाग्रहों का कोई भी उदाहरण लेकर इन्हें दूर करने की किन्हीं तीन रणनीतियों का सुझाव दीजिए।

41. What is PTSD ? Explain its symptoms. 3

पी.टी.एस.डी. क्या है? इसके लक्षणों की व्याख्या कीजिए।

42. (a) What are Self-Report measures ? Give examples and limitations of the same. 5

**OR**

(b) Explain Abraham Maslow's theory of personality.

(a) आत्म प्रतिवेदन की माप कौन से हैं? उदाहरण दीजिए और उनकी सीमाएँ बताइये।

**अथवा**

(b) अब्राहम मास्लों द्वारा दिए गए व्यक्तित्व के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए।

43. Describe the evolution of psychology, highlighting the key milestones in the development of the field. 5

